एक नजर में

अज्ञात वाहन की टक्कर से शिक्षक की मौत

छिंदवाड़ा . कुंडीपुरा थाना क्षेत्र के गडरा गांव के रहने वाले एक शिक्षक की रविवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार परसराम पिता झाडू सरेआम उम्र 50 साल गाडरा गांव का रहने वाला है। जो शिक्षक के पद पर पदस्त है। बीते दिन वह स्कूल से लौट रहा था। इस दौरान जमुनिया के पास रात 8 : 30 बजे करीब किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी घटना के बाद मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया सूचना पर पहुंची 108 से उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है पुलिस मामले की जांच कर रही है

वार्ड में नाली छोड़कर 15 फीट रोड निर्माण करने दिया आवेदन

अमरवाड़ा। शुक्रवार को वार्ड नंबर चार संत रविदास वार्ड के वार्ड वासियों ने आवेदन देकर नाली छोड़ते हुए 15 फीट रोड निर्माण करने का निवेदन किया है। वार्डवासियों का कहना है कि मोक्ष धाम मुख्य द्वार के पास राजकुमारी डेहरिया के मकान से रेखा ऊईके के मकान तक वर्तमान में मौके पर अत्यधिक सकरा मार्ग है। जिससे आवागमन में अत्यधिक अवरोध उत्पन्न होकर कठिनाइयां जाती हैं। ना इमरजेंसी में एंबुलेंस जा पाती है और नाही फायर ब्रिगेड। इन सब को देखते हुए वार्ड में अतिक्रमण हटाकर 15 फीट चौड़ा मार्ग निर्माण कराने का निवेदन किया गया है।

जुन्नारदेव में पत्रकारों की आवश्यक बैठक सम्पन्न

जुन्नारदेव . स्थानीय पत्रकारों की एक आवश्यक बैठक आज शाम रामलीला मंच, विजय स्तंभ पर आयोजित की गई। बैठक में जुन्नारदेव क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न समाचार पत्रों, चैनलों और ऑनलाइन मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े पत्रकार उपस्थित हुए .बैठक के दौरान क्षेत्रीय पत्रकारिता से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। पत्रकारों ने क्षेत्र में कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों, प्रशासन से संवाद की कमी और पत्रकार सुरक्षा से जुड़े विषयों पर अपने सुझाव रखे .सभी पत्रकारों ने एकमत से कहा कि पत्रकारों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए सामूहिक रूप से आवाज उठाना समय की जरूरत है। बैठक में यह भी तय किया गया कि भविष्य में पत्रकारों की एकता बनाए रखने और जनहित से जुड़ी खबरों को प्राथमिकता देने के लिए संयुक्त प्रयास किए जाएंगे .बैठक के अंत में उपस्थित पत्रकारों ने एकजुटता का संकल्प लिया और सभी ने एक-दूसरे के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने पर सहमति जताई।

करियर मेला के पाँचवें दिवस पर विद्यार्थियों को मिला भविष्य निर्माण का मार्गदर्शन

मोहखेड़ .शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारंगबिहरी में आयोजित करियर मेला के पाँचवें दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना तथा सरस्वती वंदना से की गई, जिससे पूरा वातावरण ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा से भर उठा। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर LNCT ग्रुप से विकास पवार, रायसोनी कॉलेज से निरंजन रघुवंशी, भूतपूर्व सैनिक राजू शेरके, सरपंच गणेश फरकारे, रूपेंद्र शेरके सहित अन्य सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पवार ने विद्यार्थियों से भविष्य में करियर निर्माण के विविध आयामों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता और लक्ष्य के अनुरूप सही दिशा चुनने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए अपने प्रश्न पूछे और मार्गदर्शन प्राप्त किया।कार्यक्रम का सफल मंच संचालन संस्था के शिक्षक गोपाल चौरे एवं युगल किशोर पसीने द्वारा किया गया। विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ कार्यक्रम में उपस्थित रहे, जिससे आयोजन और अधिक प्रभावशाली बना।कार्यक्रम के अंत में कैलाश कुमार पराड़कर द्वारा करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का समापन किया गया तथा सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अतिथियों को स्मृति स्वरूप डायरी एवं पेन भेंट किए गए।

हर्रई में चैंपियन ट्रॉफी 2026 का भव्य आगाज़

हर्रई . नगर के शासकीय महाविद्यालय मैदान में आज से चैंपियन ट्रॉफी 2026 ओपन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का उत्साहपूर्वक शुभारंभ हुआ। खेल और युवा ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ केसर नेताम, जिला पंचायत सदस्य,कामिनी शाह, प्रियंक शर्मा और रजनीश श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विधायक अमरवाड़ा कमलेश प्रताप शाह के मार्गदर्शन और विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के योगदान की सराहना की गई। **प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण** -यह टूर्नामेंट न केवल स्थानीय बल्कि आस-पास के क्षेत्रों के क्रिकेट प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रतियोगिता के मुख्य विवरण इस प्रकार हैं. प्रथम पुरस्कार-1,00,001 , द्वितीय पुरस्कार-50,001 ,एंट्री फीस-3,500 प्रति टीम
विशेष पुरस्कार- बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज जैसे आकर्षक इनाम। दर्शकों के लिए भी रोमांच- मैच के दौरान दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए विशेष घोषणाएं की गई हैं। बाउंड्री के बाहर कैच लेने वाले दर्शकों और अर्धशतक/शतक लगाने वाले खिलाड़ियों के लिए व्यक्तिगत नकद पुरस्कारों की व्यवस्था की गई है, जिससे खेल का रोमांच दोगुना हो गया है।**आयोजन समिति** - टूर्नामेंट के सफल संचालन में सचिव नीरज साहू, उपाध्यक्ष शिवशंकर ठाकुर, सहसचिव सलमान मंसूरी और समस्त आयोजन टीम सक्रिय रूप से जुटी हुई है। स्थानीय पुलिस विभाग, नगर परिषद और स्वास्थ्य विभाग का भी इस आयोजन में विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

जुन्नारदेव विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही हाई वोल्टेज से वार्डों में भारी नुकसान

पार्षद प्रमोद बंदेवार ने उठाई मुआवजे की मांग- नागरिकों में भारी आक्रोश

नवभारत न्यूज
जुन्नारदेव,01 फरवरी. जुन्नारदेव शहर में विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शनिवार शाम करीब 4 बजे के बाद अचानक की गई बिजली कटौती और उसके बाद हुई बहाली ने शहर के कई घरों में तबाही मचा दी।

हाई टेंशन लाइन में आए अत्यधिक वोल्टेज के कारण वार्ड क्रमांक 7, 8 एवं 11 के दर्जनों घरों में लगे टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन और मोबाइल चार्जर जैसे कीमती उपकरण जलकर खाक हो गए।

तेज झटके के साथ हुआ नुकसान

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, जैसे ही बिजली वापस आई, बल्ब और अन्य उपकरणों से तेज आवाजें आने लगीं। जब तक लोग स्विच बंद कर पाते, तब तक उनके हजारों रुपये के उपकरण दम तोड़ चुके थे। नागरिकों ने आरोप लगाया कि विभाग की तकनीकी खामी और लापरवाही के कारण उन्हें यह आर्थिक चपत लगी है।

पार्षद प्रमोद बंदेवार ने दी चेतावनी

स्थानीय पार्षद प्रमोद बंदेवार ने प्रभावित परिवारों का पक्ष लेते हुए विद्युत विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रशासन से मुख्य मांगें की हैं। तत्काल मुआवजा प्रभावित उपभोक्ताओं के नुकसान का आकलन कर उन्हें तुरंत आर्थिक सहायता दी जाए। तकनीकी जांच हाई वोल्टेज आने के कारणों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।ठोस सुधार भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जर्जर लाइनों और ट्रांसफार्मरों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया और व्यवस्था नहीं सुधरी, तो वे विभाग के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

लगातार बनी हुई है समस्या

शहरवासियों का कहना है कि जुन्नारदेव में अनियमित बिजली आपूर्ति अब आम बात हो गई है। बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों लाइट गुल रहना, कभी बेहद लो वोल्टेज तो कभी जानलेवा हाई वोल्टेज के कारण आम जनता त्रस्त है। नागरिकों ने बताया कि कई बार शिकायतों के बावजूद विभाग ने इस दिशा में कोई ठोस सुधार नहीं किया है।

सड़क हादसे का शिकार हुए युवक ने तोड़ा दम

छिंदवाड़ा . मोहखेड़ थाना क्षेत्र के झिरिया गांव के रहने वाले एक युवक की सड़क हादसे मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार मनोज पिता सुखराम यादव उम्र 40 साल झिरिया गांव का रहने वाला है। वह सेटिंग लगाने का काम करता है। बीते दिन वह काम करने के लिए बाइक से साइट पर जा रहा था। इस दौरान सारंगबिहारी गांव के पास वह घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। बताया जा रहा है उसे किसी अज्ञात बहन ने टक्कर मारी है। सूचना पर पहुंची 108 से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रोफेसर संदीप वरूण सिंग के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित

छिंदवाड़ा. शासकीय पेंचव्हेली स्नातकोत्तर महाविद्यालय परासिया के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर श्संदीप वरूण सिंग 31 जनवरी 2026 को अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गये। प्रोफेसर श्री सिंग ने अपने 39 वर्ष के कार्यकाल के दौरान शिक्षण, शोध एवं प्रशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके नेतृत्व में विभाग ने अकादमिक उत्कृष्टता, नवाचार तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ प्राप्त कीं। वे न केवल एक कुशल प्राध्यापक रहे, बल्कि विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत भी रहे। शासकीय पेंचव्हेली स्नातकोत्तर महाविद्यालय परासिया प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार बारसिया एवं महाविद्यालय परिवार उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना करता है। विभाग उनके योगदान को सदैव कृतज्ञता एवं सम्मान के साथ स्मरण करता रहेगा।

सोमाढाना के अवैध शराब के अड्डों पर आबकारी की दबिश

3200 कि.ग्रा. महुआ लहान किया नष्ट, 60 लीटर कच्ची शराब की बरामद

नवभारत न्यूज
छिंदवाड़ा,01 फरवरी. आबकारी अमले द्वारा गत दिवस दोपहर के वक्त ग्राम सोमाढाना, गोसाईढाना और सालीवाड़ा के जंगलों में बहने वाले नाले के किनारे भारी मात्रा में प्लास्टिक के ड्रमों में भरा हुआ महुआ लहान टीम को बरामद हुआ।

जिसे विधिवत नष्ट किया गया, इन्हीं स्थानों पर चालू भट्टियां भी टीम को मिली जिन्हें मौके पर ही तोड़ दिया गया। मौके पर रबर के ट्यूब में बरामद अवैध हाथभट्टी मदिरा को आबकारी द्वारा कब्जे में लिया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 के तहत कुल 05 प्रकरण दर्ज कर 3200 किलोग्राम महुआ लहान नष्ट किया गया। साथ ही 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई। इस कार्यवाही में वृत्त प्रभारी श्री आकाश मेश्राम के साथ ही आबकारी अमला उपस्थित था।

पंकज स्टेडियम चांदामेटा में शुरू हुआ ऑल इंडिया न्यू ऑल इंडिया ब्लैक डायमंड फुटबॉल टूर्नामेंट

रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुई ब्लैक डायमंड फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

नवभारत न्यूज
परासिया,01 फरवरी. एक फरवरी 2026 से आठ फरवरी तक पंकज स्टेडियम चांदामेटा में न्यू ब्लैक डायमंड ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुई।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि लक्ष्मीकांत महापात्रा महाप्रबंधक पेंच क्षेत्र विश्वनाथ ओक्टे एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष परासिया विधायक सोहन लाला वाल्मीक एवं जनपद उपाध्यक्ष जमील खान हरि वर्मा राजीव तिवारी भगवानदीन यादव रहे। उद्घाटन मैच लायंस क्लब जबलपुर विरुद्ध मोइल क्लब नागपुर के बीच हुआ जिसमें मोइल नागपुर ने पेनल्टी शूट आउट में जबलपुर को चार दो के अंतर से हराया एवं द्वितीय मैच जिसमें मुख्य अतिथि मार्कण्डेय सूर्यवंशी क्रेडिट सोसाइटी अध्यक्ष, गोविंद बाजोलिया, भरत डहरिया कमल राय ,मानक बेलवंशी रहे। दूसरा मैच झांसी अकादमी झांसी उत्तरप्रदेश विरुद्ध एन.एफ.ए नीमच के विरुद्ध हुआ जिसमें नीमच की टीम 3 - 0 विजेता रही जिसमें 35वे मिनट में मो. फिरोज एवं 55वे मिनट में भरत 75वे मिनट में रौनक द्वारा शानदार फील्ड गोल किया गया टूर्नामेंट के दूसरे के दिन तीन मैच होंगे पहला लुका फुटबॉल क्लब केरला विरुद्ध बालाघाट अकादमी बालाघाट सुबह दस बजे से दूसरा मैच तमिलनाडु पुलिस तमिलनाडु विरुद्ध ऊना हिमाचल एफ सी एवं तीसरा अमरपाटन एफ सी विरुद्ध यंग बॉयज चांदामेटा के बीच होगा।

छिंदवाड़ा ग्रामीण में कांग्रेस का चल रहा जनजागरण अभियान

समर्थन मूल्य पर मक्का ना बिकने की वजह से जिले के किसानों को 800 करोड़ से अधिक का नुकसान

नवभारत न्यूज
छिंदवाड़ा,01 फरवरी. छिन्दवाड़ा ग्रामीण भाग एक एवं भाग दो में कांग्रेस के द्वारा सघन व सतत जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस जमीनी स्तर पर से जुड़े पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से सम्पर्क व संवाद स्थापित कर रही साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा कर रही है। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस की बूथ कमेटियों का गठन भी इस अभियान के अंतर्गत जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर छिंदवाड़ा ग्रामीण कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में पोलिंग बूथ कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त अराजकता, अव्यवस्थाओं और शोषण के खिलाफ ग्रामीण किसानजन को जाग्रत कर संगठित किया जा रहा है। छिंदवाड़ा ग्रामीण के पर्यवेक्षक एवं जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष मनीष पांडेय ने दी। उन्होंने कहा कि सारना क्षेत्र के आसपास के ग्रामों में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों जीवन पटेल, कुलदीप पटेल, सुधीर पटेल, भानु उसरेठे द्वारा संयुक्त रूप चलाए जा रहे इस सघन जनसंपर्क अभियान में ग्रामीण जन निडर होकर अपनी बात रख रहे है, किसानों का हजारों टन मक्का,खरीददार व्यापारियों की मक्का खरीदी में अरुचि के कारण कृषि उपज मंडियों में या किसानों के खलिहान में पड़ा बर्बाद हो रहा है, औने-पौने दामों में भी मक्का के खरीदार नहीं मिल रहे। व्यापारी खरीदी के अभाव में कुसमेली मंडी का परिसर आज मक्के का समुद्र सदृश नजारा बन गया है। मंडी में मक्के की आवक तो लगातार बनी हुई है। एक अनुमान के अनुसार सरकार द्वारा मक्के का घोषित समर्थन मूल्य 2400 में ना बिकने की वजह से जिले के किसानो को करोड़ का आर्थिक नुकसान हो चुका है। बार-बार बिजली ट्रिपिंग और लो वोल्टेज के चलते सिंचाई के अभाव में खेतों में लगी गेहूं की फसल प्रभावित हो रही है। खाद, बीज, कीटनाशक, कृषि उपकरणों के बढ़े दामों ने किसानों की पहले ही कमर तोड़ दी है। भाजपा राज में खेती-किसानी का कार्य नुकसान और घाटे का सौदा बन चुका है। किसान अपनी दुर्दशा से बेहाल है।

मेहरा डेहरिया समाज ने रानी घाट में हर्षोल्लास के साथ मनाया नववर्ष मिलन समारोह

जुन्नारदेव. स्थानीय मेहरा डेहरिया समाज द्वारा नववर्ष के आगमन पर आपसी भाईचारे और एकता को बढ़ावा देने के लिए एक भव्य नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम क्षेत्र के प्रसिद्ध प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थल रानी घाट पर संपन्न हुआ, जहाँ समाज के महिला पुरुषों एवं बच्चे एकत्रित हुए।कार्यक्रम की शुरुआत में समाज के विकास, शिक्षा के महत्व और कुरीतियों को दूर करने पर विचार-विमर्श किया गया।एकता का संदेश वक्ताओं ने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज के परिवारों के बीच मेल-मिलाप बढ़ता है और युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है।सहभोज का आनंद रानी घाट की प्राकृतिक वादियों में समाज के लोगों ने साथ मिलकर भोजन में - मक्के की रोटी,टमाटर की चटनी, मटर पुलाव,पापड़,सलाद (पिकनिक) का आनंद लिया। प्राकृतिक परिवेश में आयोजित इस कार्यक्रम ने सभी को स्फूर्ति और आनंद से भर दिया। इस अवसर पर पूर्व एवं वर्तमान अध्यक्ष द्वारा मंदिर परिसर में बेलपत्र का एक पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष संजय डेहरिया, ब्लाक अध्यक्ष रवि बेले,पूर्व अध्यक्ष रमेश बेले,पूर्व अध्यक्ष दीपक बछलिया,विनोद डेहरिया,दयालु बेले,अंकित डेहरिया, संतोष डेहरिया,नारायण पिपरदे,महिला अध्यक्ष आशा डेहरिया, कंचन बेले, संगीता डेहरिया, पूनम डेहरिया, ,पिंकी बछलिया, सविता डेहरिया,मामता डेहरिया, सुधा डेहरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

बीईओ ने कोचिंग एवं निजी ट्यूशन संचालकों को दिए कड़े निर्देश

बैठक में बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने और मनोबल बढ़ाने कि कही बात

नवभारत न्यूज
अमरवाड़ा,01 फरवरी.कलेक्टर के डीटीएफ संबंधी बैठक में दिए गए निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी जीएस बघेल के आदेशानुसार रविवार को अमरवाड़ा विकासखंड के समस्त कोचिंग एवं निजी ट्यूशन अध्यापन करने वाले शिक्षकों की बैठक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्रा द्वारा पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा में ली गई। बैठक में कोचिंग संस्थानों के संचालकों को डीटीएफ की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करवाने संबंधी निर्देश देते हुए बच्चों की सुरक्षा के समुचित प्रयास करने,उमंग हेल्पलाइन के नंबर प्रदान करने एवं उनके मनोबल को बढ़ाने संबंधी निर्देश दिए गए। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान सोशल मीडिया का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग ना हो एवं बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की ठगी सोशल मीडिया के माध्यम से ना हो सके। इस बारे में विद्यार्थियों को सचेत करने संबंधी सुझाव भी दिए गए।औपचारिक बैठक संपन्न होने के बाद समस्त कोचिंग संचालकों के द्वारा बीईओ श्री मिश्रा को पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दीं गई।

कार्रवाई यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा विशेष अभियान के तहत की कार्रवाई

एक माह में 39 सौ वाहनो से वसूले 14 लाख

नवभारत न्यूज
छिंदवाड़ा,01 फरवरी. जिले भर में यातायात सुरक्षा अभियान चलाए जा रहा है जिसके तहत पुलिस अमले ने पिछले एक महीने में 3903 से अधिक वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 13 लाख 81 हजार 200 रुपए की चालानी कार्रवाई की है।

प्रदेश पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार सड़क सुरक्षा को सुदृढ करने, सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम करने एवं यातायात नियमो के प्रति जागरूकता लाने विशेष अभियान चलाया गया। जिसमे बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट के वाहन चलाना, तेजगति वाहन चलाना, बिना बीमा के वाहन चलाना एवं, बिना हाई सिक्युरिटी (एचएसआरपी) नंबर प्लेट का उपयोग करना, रांग साइड वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाना शामिल है। एसपी अजय पांडे, एएसपी आशीष खरे के मार्ग दर्शन, दिशा निर्देश में डीएसपी यातायात रामेश्वर चौबे के नेतृत्व में आरआई राकेश तिवारी, थाना प्रभारी, थाना यातायात एवं जिले के समस्त थाना प्रभारियों व्दारा संयुक्त अभियान 1 से 31 जनवरी तक चलाया गया। हेलमेट न पहननदोपहिया वाहन चालको के खिलाफ 3169 प्रकरण में समन शुल्क 9,50,700 रूपये , बिना सीटबेल्ट के वाहन चलाना प्रकरण 460 में 2,30,000 रूपये , वाहन में बिना हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट का उपयोग करने पर 196 प्रकरण में 98,000 रूपये समन शुल्क राशि, बिना वैध बीमा परिवहन कर रहे वाहनों के विरूध्द 06 प्रकरण में 6000 रुपये समन शुल्क, तेजगति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुध्द कार्यवाही में 26 प्रकरण पर 26000 रुपये, रांग साइट वाहन चलाने पर प्रकरण 39 पर 19500 रूपये, शराब पीकर वाहन चलाने पर प्रकरण 07 पर 51,000 रूपये समन शुल्क राशि वसूल की गई। इस तरह अभियान के दौरान दो पहिया व चार वाहन चालकों के व्दारा यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर कुल 3903 वाहनों के विरूध्द चालानी कार्यवाही कर 13,81,200 रूपये समन शुल्क राशि वसूल की गई। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार 01 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह इस दौरान शहर के सभी चौक चौराहा पर आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि सड़क सुरक्षा को और अधिक मजबूत किया जा सके।

कार्यालय कलेक्टर छिन्दवाड़ा मध्य प्रदेश एवं पदेन उप सचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग

765376 क्रमांक // प्रस्तु./भू-अर्जन / 2026
छिन्दवाड़ा, दिनांक 27/01/2026

कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग छिन्दवाडा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार मौजा ग्राम-नवेगांव, तहसील छिंदवाडा, जिला छिन्दवाडा के घाट परासिया (नवेगांव) जलाशय के बांध/नहर निर्माण से डूब क्षेत्र हेतु निजी भूमि के अर्जन के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 (1) के अन्तर्गत अधिसूचना का प्रकाशन मध्यप्रदेश के राजयन्त्र भाग-1 में दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 को किया गया है। तदुपरांत अधिनियम मे वर्णित प्रावधानों के तहत निर्धारित समयावधि एक वर्ष के भीतर धारा-23 के तहत अवार्ड आदेश पारित नहीं किया गया है।कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग छिन्दवाडा के पत्र क्रमांक 22/कार्य / 2026 छिन्दवाडा दिनांक 01.01.2026 के परिपेक्ष्य में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रत्तिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-25 के अन्तर्गत समुचित सरकार द्वारा बारह मास की अवधि के अवसान उपरांत, अवसान अवधि से आगामी बारह माह की अवधि के लिये समयवृद्धि की जाती है।

भूमि का वर्णन पूर्ववत् यथावत् निर्धारित रहेगा, किसी भी प्रकार के परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

Digitally signed by Harendra Narayan
Date: 27-01-2026 13:44:34

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(हरेंद्रनारायन)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

G25109/25